तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024



10 स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में लगा स्वास्थ्य शिविर





11 पोटाकेबिन और आश्रम छात्रावासों में पढ़ने वाले ...






# बस्तर दशहरा पर्व विश्व में अनूठा, देशभर से आते हैं लोगः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व में सर्वाधिक दिनों तक मनाया जाने वाला बस्तर दशहरा 615 वर्षों से चली आ रही मान्यताओं और परम्परा के साथ मनाया जा रहा है। आज भी उसी परम्परा के अनुरूप अलग-अलग तिथि अनुसार पूरे रस्मों के साथ विधान किया जाता है। यह बातें सांसद और बस्तर दहशरा के अध्यक्ष महेश कश्यप ने पत्रवार्ता में कही।

न्यू सर्किट हाउस में सांसद ने बताया कि 2 अक्टूबर को काछन देवी की अनुमति मिलने के बाद से प्रारम्भ हो जाएगी। इस महापर्व में हर समाज की भूमिका रहती हैं और इसे देखने के लिए अलग अलग प्रदेशों से हजारों की संख्या के पर्यटक बस्तर पहुंचते हैं। यही कारण है कि बस्तर की जो रस्मों की शुरुआत होगी उसमें रथ परिक्रमा, भीतर रैनी, बाहर रैनी मावली परघाव व मुरिया दरबार होनी है। इन्ही रस्मो को पूरा करने हजारों आदिवासियों की आस्था मां दंतेश्वरी के प्रति होती हैं और सालो से चली आ रही परम्परा में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होती हैं। सांसद ने बताया कि बस्तर की संस्कृति,उसकी परंपरा और देवी के प्रति आस्था का यह पर्व में आदिवासियों का महा संगम होता हैं। जिसे पूरा करने सब तन मन से लगे होते हैं। उन्होंने कहा कि अब यह पर्व विश्व पटल में खासा महत्व रखता हैं और आने वाले दिनों में दशहरे की रस्मों ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पर्व की विशेषता, सभी समाज की रहती है भागीदारी



### दिल्ली तक चले रेल सबकी मंशा

कोरापुट सांसद सप्तगिरि उल्का पिछले दिनों विशाखापटनम में आयोजित रेल संसदीय समिति की बैठक में जगदलपुर से दिल्ली तक नई यात्री रेल की मांग को बस्तर सांसद महेश कश्यप ने समर्थन किया है। उन्होंने बताया बैठक में उपस्थित ओडिशा,आंध्रप्रदेश के समस्त सांसद इस मांग का समर्थन किया है। उन्होंने बताया हमने भी कोरापुट सांसद की मांग का समर्थन किया। साथ उपस्थित अन्य सांसदों का भी समर्थन था। उन्होंने बताया हमने दिल्ली में रेलमंत्री को सौंपे मेमोरेण्डम में जगदलपुर से दिल्ली यात्री रेल की मांग शामिल है।

## खबर संक्षेप

### बकावंड ब्लाक के स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया जाएगा वृद्धजन दिवस आज



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में वृद्धजन दिवस के संबंध में सेक्टर पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें वृद्धजन दिवस को कैसे मनाया जाए एवं अधिक से अधिक वृद्धजनों को स्वास्थ्य लाभ देने प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण बीपीएम संतोष सिंह के द्वारा दिया गया। बताया गया कि सभी उप स्वास्थ्य केन्द्रों में यह दिवस मनाया जाएगा। इस दिवस में 40 वर्ष से अधिक महिला पुरुषों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। गैर संचारी रोग के तहत इस कार्य को ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला, पुरुष, सीएचओ के द्वारा मुख्य रूप से स्वास्थ्य लाभ शिविर के माध्यम से दी जायेगी। इसी तारतम्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे वृद्धजनो की जांच एवं उपचार की जायेगी। प्रशिक्षण में बीईटीओ पदमनी लाल, रोहित पांडे, रागिनी मसीह, दिनेश पराते, एमएल पानीग्राही, केके बघेल, हेमलता नाग, नीना शांडिल्य, रामनाथ कश्यप, नीलकुमारी श्रीवास्तव, सौरभ गोड, ज्ञानतला सिंह, लव कुमार नागे समेत पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### 2 अक्टूबर को प्रदेशभर के शिक्षक मांगेंगे अधिकार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा व विकास राजपूत ने कहा कि 2 अक्टूबर को मोदी की गारंटी लागू करने सत्याग्रह पदयात्रा कर हजारों शिक्षक अपना अधिकार मांगेंगे तथा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपेंगे। सघर्ष मोर्चा के जिला संयोजक राजेश गुप्ता तथा देवराज खूंटे ने बताया कि शिक्षक एलबी संवर्ग की प्रमुख मांगे जो कि राज्य सरकार ने चुनाव के समय पूरा करने का वादा किया था, जो कि अब तक लंबित है। 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया जाएगा। 1 नवंबर राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार मांगेंगे। 11 नवंबर को 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। 25 नवम्बर को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांगपत्र देंगे।

### स्वच्छता अभियान का समापन कल

**कांकेर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 02 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छ भारत दिवस समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रातः साढ़े 10 बजे से किया जाएगा। आयोजित समापन समारोह में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने समापन एवं सम्मान समारोह में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत काराकोदा निवासी रूपेश उसेंडी का 28 सितंबर को सड़क दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गया। काराकोदा निवासी मुकेश उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीसी 9057 में सवार होकर निजी काम से जबेली जा रहा था। पीव्ही 78 चौक के पास वाहन अनियंत्रित हो गया, जिससे वह दुर्घटना का शिकार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### सफलता : ट्रक सहित 35 लाख से अधिक की सामाग्री जब्त

# जैविक खाद की आड़ में महाराष्ट्र ले जाया जा रहा डेढ़ क्विंटल गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार पुलिस ने ओडिशा बार्डर में लाखों रुपए का गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर द्वारा ट्रक में जैविक खाद की आड़ में गांजा की तस्करी की जा रही थी। जिसके कब्जे से डेढ़ क्विटंल से अधिक गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे का बाजार मूल्य 15 लाख रुपए से अधिक बताया जा रहा है। ट्रक, जैविक खाद, गांजा, मोबाइल आदि के साथ कुल 35.52 लाख का मादक पदार्थ व सामान पुलिस ने जब्त किया है।

■ ओडिशा से गांजा लेकर अमरावती महाराष्ट्र ले जाने की फिराक में था तस्कर, भेजा गया जेल

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी उदित पुष्कर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नगरनार टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में कार्रवाई के लिए टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा एनएच 63 धनपुंजी फारेस्ट नाका के करीब नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली जा रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से आ रही टाटा 1512 ट्रक क्रमांक जीजे 23 एडब्ल्यू 1477 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक के डाला में जैविक खाद के बोरियों की बीच में छिपाया गया 15 पैकेट कुल 153 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 15 लाख 30 ▶▶| शेष पेज 10 पर



### इनकी रही अहम भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एएसआई जदूराम बघेल, प्रधान आरक्षक रमेश पासवान, आरक्षक वेदप्रकाश देशमुख डीएसएफ आरक्षक भास्कर भारद्वाज, विरेन्द्र ठाकुर, जोगेश्वर कश्यप व सैनिक जगन्नाथ नाग की अहम भूमिका रही।

### ओडिशा बार्डर में 6 माह में 1 करोड़ 30 लाख का गांजा बरामद

नगरनार पुलिस द्वारा छह माह के अंतराल में 13 क्विटंल गांजा बरामद किया जा चुका है जिसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 30 लाख रुपए आंकी गई है। इस दौरान दर्जनभर से अधिक गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। गौरतलब है कि गांजा की तस्करी में गिरफ्तार किए गए तस्करों में अधिकांश कुछ रुपए के लालच में तस्करी में शामिल होने वाले वाहन चालक होते हैं। जबकि मेन सप्लायर पुलिस की पकड़ से दूर रहते हैं जो तस्करी के दौरान वाहन को फॉलो करते हुए आगे और पीछे चलते रहते हैं। जैसे ही पुलिस इन तस्करों को पकड़ती है मेन सप्लायर फरार होने में कामयाब हो जाते है।

# सुरक्षा गार्ड की 9000 की नौकरी के लिए 30 हजार की रिश्वत मांगी

## पीड़ितों ने कहा- 30 हजार की मांग की गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व विधायक ने मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा कर्मियों से अवैध वसूली एवं अवैधानिक तरीके से काम से निकाले जाने के विरुद्ध कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक से मिलकर ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने जांच कर उचित कार्रवाई करने एवं पात्र सुरक्षाकर्मियों को नौकरी में रखने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक ने वसूली करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का आश्वासन दिया। बाम्बे सुरक्षा कंपनी भोपाल के द्वारा बस्तर के बेरोजगार आदिवासी युवाओं को नौकरी में रखने के नाम से 30-30 हजार रुपए की अवैध वसूली की जा रही है। रेखचंद जैन ने कहा कि बस्तर के बेरोजगार आदिवासी युवाओं के साथ अन्याय सहन नहीं किया जाएगा कांग्रेस इनके साथ खड़ी है। उन्होंने वसूली करने वालों के विरुद्ध जल्द से जल्द एफआईआर दर्ज नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही। पीड़ितों ने बताया कि 9 हजार की नौकरी के लिए 30 हजार की रिश्वत मांगी जा रही है। रिश्वत मांगने वालों में एक पुलिस का बर्खास्त एएसआई और एक मडम का शामिल होना बताया गया। विधायक के साथ पहुंचे कांग्रेसियों में परमजीत जसवाल व अवधेश कुमार झा शामिल थे।


■ कलेक्टर ने कहा- साबित होने पर करेंगे एफआईआर

# चोरी का डायमंड नेकलेस, सोने चांदी के आभूषण व टीवी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

घर से जेवरात, टीवी सहित लाखों की चोरी करने वाले एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। विगत 29 सितंबर को प्रार्थिया गीता विश्वकर्मा निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी बचेली ने थाना में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 27 सितंबर की शाम 7 बजे से 28 सितंबर की सुबह 9.30 बजे के मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा घर के दरवाजा में लगे इंटरलॉक को तोड़कर आलमारी में रखे डायमंड नेकलेस, सोने चांदी एवं 1 सेमसंग कंपनी का 32 इंच एलईडी टीवी कुल कीमत 223000 को चोरी कर ले गया। थाना बचेली में अपराध पंजीबद्ध कर घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों एवं बस्तर रेंज के समस्त थाना को सूचित किया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला व रामकुमार बर्मन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कपिल चंद्रा किरन्दुल के मार्गदर्शन में चोरी गई सामानों एवं अज्ञात चोर की पतासाजी के दौरान वार्ड क्रमांक 1 छन्नूपारा बचेली में संदेही व्यक्ति को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर चोरी के सामानों को अपने घर में ले जाकर छुपाकर रखना बताया। जिसके द्वारा निकालकर पेश करने पर चोरी गई सम्पत्ति को बरामद किया गया। उक्त ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ चोरी करने वाले बालक को पुलिस ने बाल न्यायालय में पेश किया



# पत्नी की मौत के वियोग में पति ने भी तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम बनियागांव निवासी किसान की पत्नी की दो माह पूर्व बीमारी से मौत हो गई। मौत होने के बाद पत्नी वियोग में पति ने खाना पीना छोड़ दिया था। लगातार स्वास्थ्य गिरने के बाद उसे डि म रा पा ल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक पत्नी की मौत के गम में पति सुखदेव बघेल ने खाना पीना सब छोड़ कर केवल पत्नी के बारे में सोचने लगा था। मामले की जानकारी देते हुए मृतक सुखदेव के बेटे उमेश ने बताया कि पिता खेती किसानी का काम करते थे। उनके साथ 5 बच्चे भी अपने माता पिता के साथ खेत में काम करते थे। लगभग 2 माह पहले मां फूलमती बघेल का अचानक से स्वास्थ्य खराब हो गया जिसके बाद उनका उपचार चल रहा था लेकिन उपचार के दौरान फूलमती बघेल का निधन हो गया। बेटे ने बताया कि मां की मौत के बाद पिता को काफी गहरा सदमा लगा जिसके बाद उन्होने खाना पीना छोड़ दिया। बच्चों के द्वारा बार बार उन्हें खाने के साथ ही स्वास्थ्य का ख्याल रखने की बात कहा जाता रहा।

■ दो माह पूर्व पत्नी की मौत के बाद से खाना पीना छोड़ा

# जनता कांग्रेस का धरना, आदिवासियों के हित को लेकर बुलंद की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनता कांग्रेस पार्टी ने दन्तेश्वरी मंदिर के सामने बस्तर में जनता के हित एवं विकास से जुड़े मुद्दों पर धरना दिया। इस दौरान जनता कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की उपस्थिति से पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर आया। उन्होंने दोनों पार्टियों को आड़े हाथों लिया और बस्तर के विकास को लेकर उन्हें जिम्मेदार ठहराया। संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने कहा कि बस्तर से पलायन किये आदिवासियों के पुनर्वास, बैलाडीला में मलबे से मृतकों को 1 करोड़ मुआवजा ,जगदलपुर को उपराजधानी बनाये जाने, केशकाल में जाम जैसे समस्याओं पर स्थायी हल की बात कही। धरने में सभी जिले से आए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बात रखी। सैंकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने मांगों का ज्ञापन संभाग आयुक्त को सौंपा। जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रेलवे, रोजगार की मांग की गई है। बस्तर में धार्मिक सांप्रदायिक झगड़ों के बीच फैलाई जा रही अशांति के विरुद्ध ठोस कानूनी कार्यवाही और शांति बहाल करते हुए, बेलगाम कानून व्यवस्था को ठीक करने की तरफ सरकार का बड़ा कदम उठाने की मांग की गई। सलवा जुडूम एवं नक्सल कारणों के चलते बस्तर से पलायन किए गए सभी आदिवासियों का बस्तर में पुनः पुनर्वास किया जाए। इस दौरान टांकेश्वर भारद्वाज, सौरभ झा, गौरव सिंह, संतोष सिंह, नीलांबर भद्रे, भुवनेश्वर नाग, शंकर नेताम, रेमो मरकाम, गुड्डू कोरसा, पी प्रसाद राजू, बलिराम कचलाम, बैला तेलाम, विनोद सोरी, अमित पटेल समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

■ प्रदेश अध्यक्ष ने बस्तर के मुद्दों पर दोनों दल को घेरा



## आर्ट ऑफ लिविंग, फिटनेस ट्रेनर व न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया कैसे रहें फिट

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने फिट एंड फन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर पुलिस द्वारा सोमवार को मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने फिट एंड फन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। शौर्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर से आए फिटनेस ट्रेनर, न्यूट्रिशनिस्ट व आर्ट ऑफ लिविंग टीचर ने शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने व फिट रहने के उपाय बताए।

■ वर्ष 2021 से बस्तर पुलिस कर रही जिम का संचालन

बस्तर पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत अनेक सफल प्रयास कर जनता और पुलिस के मध्य बेहतर तालमेल बनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में बस्तर आईजी पी सुन्दरराज के विजन को साकार करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के नेतृत्व में फिट एंड फन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आर्ट ऑफ लिविंग के टीचर अजय ठाकुर के अलावा फिटनेस ट्रेनर रायपुर दुर्गेश साहू व न्यूट्रिशनिस्ट रायपुर डाक्टर नेहा वादवा को आमंत्रित किया गया था। आयोजन के दौरान उन्होंने अपने 13 वर्षों से अधिक के अनुभवों को साझा कर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के विषय पर विशेष जानकारी दी। आईजी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ के प्रति जागरूक करना है। गौरतलब है कि वर्ष 2021 से आईजी पी सुंदरराज के सार्थक प्रयासों से पुलिस जीम का संचालन पुलिस बल द्वारा अनुशासित तरीकों से किया जा रहा है जिसे बस्तर के नागरिकों ने तथा जिम के सदस्यों ने भी सराहा है। उक्त आयोजन में बस्तर पुलिस द्वारा संचालित पुलिस जिम के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।






## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

